**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम सोमवार के लिये निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-15 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 15 (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद-लखनऊ के सरोजनी नगर वार्ड द्वितीय मोहल्ला बदाली खेड़ा, सत्यलोक कालोनी एवं जागृति नगर, लखनऊ नगर निगम सीमा क्षेत्र के अन्तर्गत कब से है ? | सरोजनी नगर द्वितीय वार्ड के उक्त मोहल्ले नगर निगम, लखनऊ की सीमा में वर्ष 1987 से सम्मिलित है। |
| (ख) क्या आज तक उक्त मोहल्लों में नगर निगम से मिलने वाली मूलभूत सुविधायें जैसे पानी टंकी, सीवर लाईन आदि प्राप्त नही हो रही है ? | सरोजनी नगर द्वितीय वार्ड में पेयजल की आपूर्ति हेतु टंकी एवं नलकूप निर्माण का कार्य अमृत-2.0 योजना के अन्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत हैं। तद्नुसार उक्त कार्य कराया जायेगा।<br>अमृत योजना-1.0 के अन्तर्गत नगर निगम, लखनऊ में जोन-5 के पांच वार्डो में सीवर डालने का कार्य उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) द्वारा कराया जा रहा है। शेष वार्डो में सीवर लाइन डालने के कार्य अमृत 2.0 योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित है। |
| (ग) यदि हाँ, तो नगर निगम से मिलने वाली मूलभूत सुविधायें आज तक न मिलने के क्या कारण हैं ? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) उक्त मूल-भूत सुविधायें स्थानीय जनता को कब तक प्राप्त हो जायेंगी ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ड.) यदि नहीं, तो क्यों ? | उपरोक्तानुसार। |

ए0के0 शर्मा
मंत्री,
नगर विकास विभाग।